UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition


यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीर नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-214 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) शुक्रवार 17 जुलाई 2026 | youngbharatE-paper.com

## 2017 से पहले सरकार की सोच बीमार थी', सीएम योगी का सपा पर तीखा हमला

### बोले- चाचा-भतीजे की जोड़ी वसूली करती थी



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि 2017 से पहले यूपी को बीमारू राज्य माना जाता था। वास्तव में यूपी नहीं, उस समय की सरकार की सोच बीमार थी। वह सरकार ही प्रदेश के लिए सबसे बड़ा अपशगुन थी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित विश्व कौशल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पहले न तो युवाओं के पास रोजगार था और न पारदर्शी भर्ती प्रणाली। पिछले नौ साल में प्रदेश सरकार ने नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी है। वहीं सवा तीन करोड़ से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले सरकारी नौकरियों में एक परिवार का अधिकार था। जल्दी भर्तियां नहीं होती थीं। कोई भर्ती निकलती थी तो चाचा-भतीजे की जोड़ी वसूली के लिए निकल पड़ती थी। रोजगार के लिए बाहर जाना पड़ता था। हालात ऐसे बना दिए गए थे कि यूपी वालों के नाम से बाहर के लोग चिढ़ते थे। डिप्लोमा और डिग्री लेकर बाहर जाते थे तो अपनी पहचान और सम्मान के लिए संघर्ष करना पड़ता था। भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था। उन्होंने कहा कि धन्ना सेठ हो या झोपड़ी में रहने वाला, रोटी दो ही खाता है। जिसके पास चोरी का पैसा होगा, वह ठीक से सो भी नहीं पाता। उन्होंने कहा कि युवा किसी अन्य देश में रोजगार करना चाहते हैं तो उस भाषा का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उसे रोजगार उपलब्ध करवाने में सहयोग किया जाएगा। राष्ट्रीय और शैक्षिक स्तर पर रोजगार की मांग के अनुरूप युवाओं को तैयार करने की व्यापक व्यवस्था की जा रही है। सीएम ने इस अवसर पर कौशल विकास और आईटीआई से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवाओं को सम्मानित किया। सीएम योगी ने इस मौके पर प्रशिक्षित युवाओं से संवाद किया और प्रदर्शनी भी देखी। कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, एमएलसी पवन सिंह चौहान, मुकेश शर्मा, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, प्रमुख सचिव वयावसायिक शिक्षा डॉ. हरिओम और प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन एमके सुंदरम भी मौजूद थे। सीएम ने कहा कि दुनिया में सबसे अधिक युवा यूपी में है और यह गर्व का विषय है। यह हमारा डेमोग्राफिक डिविडेंड है। हम इसकी स्केलिंग करके अर्थव्यवस्था को बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहली बार कौशल विकास मंत्रालय का गठन कर स्किल डिवेलपमेंट को नई दिशा दी। बदलती तकनीक के अनुरूप आईटीआई और कौशल विकास केंद्रों में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नॉलजी, 3-डी प्रिंटिंग से लेकर सेमीकंडक्टर बनाने तक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये सुविधाएं केवल लखनऊ, नोएडा या गाजियाबाद तक सीमित नहीं रहेंगी। महोबा, चित्रकूट, सोनभद्र, बलिया, बहराइच जैसे जिलों में भी आधुनिक कौशल प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## यूपी में अब इनके घर आएगा फ्री राशन, नहीं जाना पड़ेगा कोटे की दुकान

### योगी सरकार का बड़ा फैसला

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार ने बुजुर्ग, दिव्यांग, असहाय और निराश्रित लोगों के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब ऐसे लोगों को राशन लेने के लिए सरकारी राशन की दुकान तक नहीं जाना पड़ेगा। सरकार ने फैसला किया है कि पात्र लोगों को घर बैठे ही राशन उपलब्ध कराया जाएगा। इस व्यवस्था में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश के खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडे ने बुधवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में रहने वाले अकेले बुजुर्ग, दिव्यांग और शारीरिक रूप से कमजोर लोगों को राशन के लिए किसी परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए नई व्यवस्था लागू की जा रही है।



मंत्री मनोज पांडे ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश के हर पात्र व्यक्ति को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। कोई भी ऐसा व्यक्ति जो शारीरिक अक्षमता या अन्य कारणों से राशन की दुकान तक पहुंचने में असमर्थ है, वह सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि राशन वितरण प्रणाली में लगातार सुधार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें घर तक राशन पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। खाद्य मंत्री ने बताया कि सरकार ने ऐसे पात्र लोगों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं, जो अभी तक मुफ्त खाद्यान्न योजना से नहीं जुड़ पाए हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो महीने में करीब 47 लाख लोगों को इस योजना से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी पात्र व्यक्ति राशन योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। यदि किसी व्यक्ति का नाम राजनीतिक कारणों या आपसी विवाद के चलते सूची से हट गया है तो उसकी दोबारा जांच कर नाम जोड़ा जाएगा। मंत्री ने बताया कि प्रदेश में राशन की दुकानों पर खाद्यान्न पहुंचते ही लाभार्थियों को मोबाइल पर संदेश भेजने की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से दुकानों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके अलावा राशन लेने आने वाले लोगों के लिए दुकानों पर बैठने के लिए कुर्सी और बेंच की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया है। सरकार का कहना है कि नई व्यवस्था का उद्देश्य जरूरतमंद और कमजोर वर्ग के लोगों तक राशन की सुविधा आसानी से पहुंचाना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति खाद्यान्न से वंचित न रहे

## सुर्खियां

### सड़क किनारे खड़ी बाईक में अनियंत्रित ट्रेक्टर ने मारी टक्कर,महिला गंभीर रूप से घायल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बंगरा मार्ग पर बुधवार देर रात सड़क किनारे खड़ी बाइक में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में बाइक के पास खड़ी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि ट्रैक्टर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया।

### बारह दिन पूर्व सर्पदंश में घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बारह दिन पूर्व सर्पदंश में घायल किशोर की इलाज के दौरान गुरूवार को मौत हो गई। किशोर की मौत के बाद के बाद घर पर परिजनों का रो रोकर बेहाल हैं।

### कुठौंदा बुजुर्ग में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता आयी सामने

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** विकास कार्यों में अनियमिता और अधूरे निर्माण की जांच सचिव द्वारा अभिलेख न देने से अटकी हुई है। विकास खंड की ग्राम पंचायत कुठौंदा बुजुर्ग में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता और कार्य अधूरा छोड़ने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/पदेन जिला प्रबंधक (उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि.) ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी जालौन को पत्र जारी किया है।

## यूपी को 'बीमारू' बताकर बुरे फंसे अखिलेश? बीजेपी ने खोल दिया 46 साल का कच्चा चिट्ठा

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।

अखिलेश यादव ने दावा किया है कि पिछले 10 वर्षों के भाजपा शासन ने उत्तर प्रदेश को विकास की राह से भटकाकर एक बार फिर 'बीमारू' राज्य की श्रेणी में ला खड़ा किया है। इसके साथ ही उन्होंने अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावे में हुई कथित हेराफेरी का मुद्दा भी उठाया है। अखिलेश यादव ने सरकार के बुनियादी ढांचे के दावों पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में एक्सप्रेसवे और पानी की टंकियां उद्घाटन से पहले ही क्षतिग्रस्त हो रही हैं। हालांकि, 'बीमारू' शब्द के इस्तेमाल के बाद यूपी की राजनीति में एक नया ऐतिहासिक और राजनीतिक विवाद छिड़ गया है।



अखिलेश यादव ने जिस 'बीमारू' शब्द के जरिए भाजपा को घेरा है, उसका इतिहास करीब 4 दशक पुराना है और यह सीधा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के दौर से जुड़ा हुआ है। किसने दिया यह शब्द ? 1980 के दशक में भारत के मशहूर जनसांख्यिकी विशेषज्ञ और अर्थशास्त्री आशीष बोस ने पहली बार इस शब्द का इस्तेमाल किया था। राजीव गांधी का टास्क: तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आशीष बोस को देश के सबसे पिछड़े राज्यों के सामाजिक और आर्थिक हालातों पर एक विस्तृत रिसर्च रिपोर्ट तैयार करने का काम सौंपा था।

फुल फॉर्म : आशीष बोस ने अपनी रिपोर्ट में देश के पांच सबसे पिछड़े राज्यों के अंग्रेजी अक्षरों को मिलाकर 'बीमारू' शब्द का आविष्कार किया था:

BI: बिहार (Bihar)

MA: मध्य प्रदेश (Madhya Pradesh)

R: राजस्थान (Rajasthan)

: उत्तर प्रदेश (Uttar Pradesh)

ये वे राज्य थे जहां कम साक्षरता दर, लचर स्वास्थ्य सुविधाएं, अनियंत्रित जनसंख्या और आर्थिक तंगी के कारण सामाजिक पिछड़ापन सबसे ज्यादा था। बाद में इनसे अलग होकर झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड बने, लेकिन वे भी इसी आर्थिक पिछड़ेपन के दायरे में रहे।

1980 के बाद क्की सत्ता का इतिहास (1980-2026)

अखिलेश यादव के आरोपों के बाद राजनीतिक विश्लेषक यह सवाल उठा रहे हैं कि 1980 में जब यूपी पर पिछड़ेपन का यह ठप्पा लगा, तब से लेकर अब तक राज्य में किन-किन दलों की सरकारें रहीं। नीचे दी गई टेबल से आप यूपी के सियासी सफर को आसानी से समझ सकते हैं:

क्या अपने ही बयान में घिर गए अखिलेश ?

राजनीतिक पंडितों का मानना है कि 'बीमारू' शब्द का दांव अखिलेश यादव के लिए आत्मघाती भी साबित हो सकता है। अगर 1980 के बाद के 46 वर्षों के इतिहास का विश्लेषण किया जाए, तो महत्वपूर्ण तथ्य सामने आते हैं: सपा और कांग्रेस का लंबा शासन: इस पूरी अवधि में से लगभग 24 साल तक उत्तर प्रदेश की सत्ता प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से या तो कांग्रेस के पास रही या फिर खुद समाजवादी पार्टी (सपा) के पास। मुलायम और अखिलेश का कार्यकाल: अखिलेश यादव ने खुद पूरे 5 साल यूपी के मुख्यमंत्री के रूप में सरकार चलाई है, जबकि उनके पिता मुलायम सिंह यादव 3 बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे। गठबंधन का इतिहास: अखिलेश आगामी चुनाव जिस कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, वह कांग्रेस भी 1980 से 1990 तक पूरे एक दशक तक पूर्ण बहुमत के साथ यूपी की सत्ता में थी। विशेषज्ञों की राय: भाजपा के नेता अब इसी इतिहास को हथियार बनाकर पलटवार कर रहे हैं। उनका तर्क है कि यदि भाजपा के आने से पहले यूपी विकसित हो चुका था, तो वह नीति आयोग की पुरानी रिपोर्टों में पिछड़ा क्यों बना रहा? यही कारण है कि विश्लेषक इसे एक ऐसा चुनावी नैरेटिव मान रहे हैं जो विपक्ष के खुद के अतीत पर भी सवाल खड़े करता है।

## कौन हैं वो मुस्लिम भक्त जिसकी मजार पर आज भी रुकती है भगवान जगन्नाथ की यात्रा? जानिए पूरी कहानी

( यंग भारत न्यूज )

उडीसा के पुरी में निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की विश्वप्रसिद्ध रथयात्रा सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और सामाजिक सौहार्द का भी प्रतीक मानी जाती है. हर साल लाखों श्रद्धालु इस भव्य यात्रा के दर्शन के लिए देश-विदेश से पुरी पहुंचते हैं. रथयात्रा से जुड़ी कई ऐसी मान्यताएं हैं जो लोगों की आस्था को और गहरा करती हैं. इन्हीं में सबसे चर्चित कथा भक्त सालबेग की है, जिनकी मजार के सामने आज भी भगवान जगन्नाथ का रथ कुछ समय के लिए रुकने की परंपरा निभाई जाती है. लोकमान्यताओं के अनुसार, एक बार भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर श्रीमंदिर से गुंडिचा मंदिर की ओर जा रहे थे. चारों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ थी और 'जय जगन्नाथ' के जयकारों से गूंज रहा था. इसी दौरान यात्रा के बीच अचानक रथ एक स्थान पर आकर रुक गया. रथ को आगे बढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं ने पूरी ताकत लगा दी, लेकिन वह अपनी जगह से टस से मस नहीं हुआ. लोग हैरान थे कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है. तभी वहां मौजूद एक बुजुर्ग ने लोगों का ध्यान पास में स्थित भक्त सालबेग की समाधि की ओर दिलाया. इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के जयकारे के साथ 'जय भक्त सालबेग' का उद्घोष किया. मान्यता है कि जैसे ही यह जयघोष हुआ, रथ अपने आप आगे बढ़ने लगा. तभी से यह विश्वास और मजबूत हो गया कि भगवान अपने परम भक्त को



सम्मान देने के लिए हर वर्ष उनकी समाधि के सामने अवश्य रुकते हैं. भक्त सालबेग का जीवन मुगलकाल से जुड़ा माना जाता है. लोककथाओं के अनुसार उनके पिता मुस्लिम थे, जबकि उनकी माता हिंदू थीं. एक युद्ध के दौरान सालबेग गंभीर रूप से घायल हो गए थे. उस कठिन समय में उनकी माता ने उन्हें भगवान जगन्नाथ की शरण लेने की सलाह दी. माता से भगवान की महिमा सुनने के बाद उनके मन में ऐसी भक्ति जागी कि उन्होंने अपना जीवन प्रभु की आराधना को समर्पित कर दिया. जब वे पुरी पहुंचे, तब उस समय की परंपराओं के कारण उन्हें जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं मिल सकी. लेकिन इससे उनकी श्रद्धा कम नहीं हुई. उन्होंने मंदिर के बाहर रहकर भगवान जगन्नाथ के भजन गाना और उनका स्मरण करना जारी रखा.

समय के साथ उनकी भक्ति इतनी प्रसिद्ध हुई कि वे भगवान जगन्नाथ के सबसे बड़े भक्तों में गिने जाने लगे. उनके रचे भजन आज भी ओडिशा में बड़े श्रद्धा भाव से गाए जाते हैं. लोकविश्वास के मुताबिक, जीवन के अंतिम दिनों में सालबेग की सबसे बड़ी इच्छा भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने की थी. कहा जाता है कि भगवान ने अपने इस अनन्य भक्त की भावना का सम्मान करते हुए यह आशीर्वाद दिया कि भविष्य में उनकी रथयात्रा सालबेग के स्थान पर रुके बिना आगे नहीं बढ़ेगी. इसी मान्यता के कारण आज भी पुरी की रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ का रथ सालबेग की समाधि के सामने कुछ समय के लिए ठहरता है. यह परंपरा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि ईश्वर के लिए किसी व्यक्ति की जाति, धर्म या जन्म से अधिक महत्व उसकी सच्ची श्रद्धा, समर्पण और निष्कलंक भक्ति का होता है. यही वजह है कि भक्त सालबेग की कहानी आज भी जगन्नाथ संस्कृति का एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक अध्याय मानी जाती है.

# बिजली चोरी पर प्रवर्तन दल का बड़ा अभियान, दो उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## मीटर से छेड़छाड़ कर 5 किलोवाट से अधिक भार पर अवैध विद्युत उपयोग पकड़ा गया, साक्ष्यों के आधार पर हुई कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद में विद्युत चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से विद्युत प्रवर्तन दल द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों एवं पर्यवेक्षण में संचालित किया गया। अभियान के दौरान प्रवर्तन दल ने दो स्थानों पर मीटर से छेड़छाड़ कर बड़े पैमाने पर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए दो उपभोक्ताओं को पकड़ा, जिनके विरुद्ध साक्ष्यों के आधार पर कोतवाली उरई में विद्युत अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई।



प्रवर्तन दल के प्रभारी उप निरीक्षक एम. आरिफ के नेतृत्व में अवर अभियंता प्रमोद कुमार, उप निरीक्षक सुनीता वर्मा, मुख्य आरक्षी गोवर्धन, मुख्य आरक्षी रविकांत एवं आरक्षी अनुराग तिवारी की टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। जांच के दौरान राजेन्द्र नगर, उरई निवासी सत्यम चौरसिया के व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर स्थापित विद्युत मीटर की केबल में अतिरिक्त केबल जोड़कर लगभग 5.702 किलोवाट भार का अवैध विद्युत उपभोग किया जाता पाया गया। वहीं सपा कार्यालय के पास, उरई निवासी बुजकिशोर निगम के आवास पर मीटर से पूर्व केबल काटकर अतिरिक्त केबल जोड़कर लगभग 6.391 किलोवाट भार का अवैध विद्युत उपयोग करते हुए पकड़ा गया। प्रवर्तन दल ने दोनों मामलों में मौके पर आवश्यक साक्ष्य संकलित कर चेकिंग रिपोर्ट तैयार की तथा संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें तथा मीटर अथवा विद्युत लाइन से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ से बचें। बिजली चोरी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अज्ञात व्यक्ति की मौत, पहचान में जुटी पुलिस

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । एट थाना क्षेत्र के झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बाबा होटल, पिरौना के पास गुरुवार को किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पिरौना चौकी प्रभारी बृजेश यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक के पास से कोई पहचान पत्र बरामद नहीं हुआ। उसकी पैंट की जेब से रोटी और नॉनवेज सब्जी मिली है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक को बुधवार शाम क्षेत्र में नशे की हालत में घूमते देखा गया था। प्रथम दृष्टया वह मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा था। मृतक की उम्र लगभग 35 से 45 वर्ष बताई जा रही है। उसका रंग गेहुआं, दाढ़ी-मूंछ काली थी। उसने मैरून (गहरे लाल) रंग की आधी बांह की टी-शर्ट और भूरे रंग की पैंट पहन रखी थी। उसके पैरों में कोई चप्पल या जूते नहीं मिले। पुलिस ने शव को पहचान के लिए मेडिकल कॉलेज उरई की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। साथ ही अज्ञात वाहन और मृतक की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा अन्य माध्यमों से भी जांच की जा रही है।

## नींद में छत से गिरा युवक, मौक़े पर ही हुई मौत,

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । जिले के आटा थाना क्षेत्र के इटौरा गांव में बुधवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में 23 वर्षीय युवक की छत से गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए उरई मेडिकल कॉलेज भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इटौरा निवासी मंगल (23) बुधवार रात अपने घर की छत पर सो रहा था। परिजनों ने बताया कि देर रात वह नींद में टॉयलेट जाने के लिए उठा। अंधेरा होने और नींद की अवस्था में उसका संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह छत से नीचे गिर पड़ा। गिरने से उसके सिर व शरीर में गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गिरने की तेज आवाज सुनकर परिजन व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक युवक दम तोड़ चुका था। घटना की सूचना मिलते ही आटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क किनारे खड़ी बाईक में अनियंत्रित ट्रेक्टर ने मारी टक्कर, महिला गंभीर रूप से घायल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बंगरा मार्ग पर बुधवार देर रात सड़क किनारे खड़ी बाइक में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में बाइक के पास खड़ी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि ट्रैक्टर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया।

बुधवार रात करीब नौ बजे जालौन-बंगरा मार्ग पर माधौगढ़ निवासी अनिल कुमार अपने साथ रिश्तेदार मीना कुमारी पत्नी कमलेश को लेकर माधौगढ़ की ओर जा रहे थे। जब बाइक लेकर छिरिया सलेमपुर के पास स्थित पेट्रोल टैंक के पास पहुंचे। तभी मीना कुमारी को लघुशंका की आवश्यकता महसूस होने पर उन्होंने बाइक सड़क के नीचे खड़ी कर दी और वह कुछ दूर जाकर खड़े हो गए। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर जालौन मंडी से अनाज बेचकर बंगरा की ओर जा रहा था। जब वह पेट्रोल टैंक के नजदीक पहुंचा तो तेज रफ्तार ट्रैक्टर बेकाबू हो गया। चालक ने पहले बाइक को टक्कर मारी। इसके बाद बेकाबू होकर ट्रैक्टर सड़क किनारे खाई में पलट गया। वहीं, ट्रैक्टर की चपेट में आकर महिला मीना कुमारी भी घायल हो गई। सूचना मिलते ही छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी आलोक पाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल महिला को सीएचसी पहुंचाया। वहीं, ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को मौके पर ही छोड़कर भाग निकला।

# कुठौंदा बुजुर्ग में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता आयी सामने

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** विकास कार्यों में अनियमिता और अधूरे निर्माण की जांच सचिव द्वारा अभिलेख न देने से अटकी हुई है।

विकास खंड की ग्राम पंचायत कुठौंदा बुजुर्ग में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता और कार्य अधूरा छोड़ने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/पदेन जिला प्रबंधक (उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि.) ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी जालौन को पत्र जारी किया है। कुठौंदा बुजुर्ग निवासी शिकायतकर्ता गजेंद्र सिंह सेंगर द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, गांव में इंटरलाकिंग निर्माण कार्य मानक के अनुसार नहीं कराया गया है। इसके अलावा, हरी सिंह के मकान से लेकर मनमोहन सिंह के खेत से बेबू के खेत तक चकरोड पर मिट्टी डालने का कार्य और भुवनमोहन कुशवाहा के मकान से रामशरण कुशवाहा के मकान तक नाली निर्माण का कार्य अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने पत्र में स्पष्ट किया है कि इस गंभीर मामले की जांच के लिए संबंधित ग्राम पंचायत सचिव से आवश्यक अभिलेख मांगे गए थे, लेकिन सचिव द्वारा अभी तक कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया है। अभिलेख न मिलने के कारण मामले की जांच बाधित हो रही है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से अपेक्षा की है कि वे उल्लेखित बिंदुओं से संबंधित सभी आवश्यक अभिलेख संबंधित सचिव से प्राप्त कराकर तत्काल उनके कार्यालय को उपलब्ध कराएं। अधिकारी ने चेतावनी भी दी है कि अभिलेख उपलब्ध न होने के कारण जांच प्रभावित होती है या नहीं हो पाती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और सचिव की होगी।

# प्रेमी से शादी की जिद पर 100 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ी युवती, पांच घंटे बाद उतरी

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छौंक में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब 22 वर्षीय युवती अपने प्रेमी से शादी कराने की मांग को लेकर करीब 100 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। युवती ने स्पष्ट कहा कि जब तक उसके प्रेमी को मौके पर बुलाकर शादी का आश्वासन नहीं दिया जाएगा, तब तक वह नीचे नहीं उतरेगी।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीण भी घटनास्थल पर एकत्र हो गए। पुलिस व परिजनों ने युवती को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह अपनी मांग पर अड़ी रही। बताया गया कि युवती की पहचान उरसरंगांव निवासी मुस्कान (22) के रूप में हुई है। उसका प्रेमी मध्य प्रदेश के भिंड जिले के लहार क्षेत्र का निवासी है। मुस्कान का कहना था कि वह वर्ष 2022 से युवक से प्रेम करती है और अब बालिग होने के बाद उससे विवाह करना चाहती है। परिजनों ने दोनों की अलग-अलग जाति होने के कारण शादी से इनकार कर दिया था। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद युवती का प्रेमी मौके पर पहुंचा। इसके बाद पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में समझाइश के बाद युवती लगभग साढ़े 12 बजे टावर से नीचे उतर आई। पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले गई, जहां बातचीत के दौरान दोनों परिवार विवाह के लिए सहमत हो गए। इसके बाद मामला शांत हो गया। कालपी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि दोनों पक्ष विवाह के लिए तैयार हो गए हैं। पुलिस की सतर्कता और प्रशासन के प्रयासों से बिना किसी अप्रिय घटना के पूरे मामले का शांतिपूर्ण समाधान कर लिया गया।

## सर्पदंश से युवक की हालत बिगड़ी, समय पर उपचार से बची जान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई /रामपुरा।** विकासखंड रामपुरा के ग्राम निनावली जागीर में गुरुवार सुबह खेतों की ओर टहलने निकले एक 18 वर्षीय युवक को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजनों की तत्परता और चिकित्सकों के समय पर उपचार से युवक की जान बच गई। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, निनावली जागीर निवासी गंगाप्रसाद का 18 वर्षीय पुत्र शिवम गौतम गुरुवार सुबह करीब 5 बजे रोज की तरह खेतों की ओर टहलने गया था। इसी दौरान रास्ते में एक जहरीले सांप ने उसके पैर में काट लिया। किसी तरह घर पहुंचकर शिवम ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। परिजन बिना देर किए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया, जिससे उसकी स्थिति में सुधार हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप राजपूत ने बताया कि सर्पदंश से पीड़ित युवक गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकीय टीम द्वारा तत्काल उपचार किए जाने से उसकी हालत में तेजी से सुधार हुआ और अब वह खतरे से बाहर है।

## रामपुरा में तेज रफ्तार कार की टक्कर से चार वर्षीय मासूम की मौत, चालक वाहन छोड़कर फरार

( यंग भारत न्यूज )

**उरई/ रामपुरा।** थाना रामपुरा क्षेत्र के नगर रामपुरा में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार वर्षीय मासूम यशपाल की मौत हो गई। घर के बाहर फुटपाथ पर खेल रहे बच्चे को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल मासूम को परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।



जानकारी के अनुसार, मूल रूप से ग्राम जमालपुरा निवासी अनुराग पाल वर्तमान में नगर रामपुरा में अशोक राजिक के मकान में किराये पर रहकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। गुरुवार सुबह उनका चार वर्षीय पुत्र यशपाल घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान साधन सहकारी समिति की ओर से रानी के तालाब की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार (नंबर UP 92V 5011) ने बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। हादसे में यशपाल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके मुंह व नाक से अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। पिता अनुराग पाल घायल बेटे को गोद में उठाकर तत्काल अस्पताल पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि दुर्घटना के समय कार रामपुरा निवासी सम्मन सोनी चला रहा था। हादसे के बाद चालक कार को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही रामपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त कार को भी कब्जे में ले लिया गया है तथा फरार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## रंजिश के चलते युवक से घर में घुसकर मारपीट की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** रंजिश के चलते युवक के घर में घुसकर मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावतान निवासी सत्यप्रकाश ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के ही कुछ लोग उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर उसके साथ विवाद करते रहते हैं। वर्ष 2024 में भी उसके साथ मारपीट की गई थी। जिसकी रिपोर्ट उसने कोतवाली में दर्ज कराई थी। इसी को लेकर वह और रंजिश मान बैठे। आरोप लगाया कि बुधवार को वह घर से निकलकर मोहल्ले में जा रहा था। तभी रास्ते में तीन भाइयों ने उसे रोक लिया और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो वह मारपीट करने लगे। बचने के लिए वह घर की ओर भागा। पीछे से तीनों घर में आ घुसे और लाठी, डंडों से मारपीट करने लगे। जिसमें उसे चोटें आई हैं। शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोग आ गए और उसे बचाया। जिसके बाद तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने बताया कि इसकी सूचना उसने यूपी 112 को भी दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे घर से निकाला और मामले की जानकारी ली थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला और एक युवक बाइक से गिरकर घायल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला और एक युवक बाइक से गिरकर घायल हुए। घायलों को राहगीरों की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी दीपक किसी काम के चलते अपनी पत्नी रिंकी को बाइक पर बैठाकर जालौन आ रहे थे। जब वह बाइक लेकर सहाव मोड़ के पास पहुंचे तभी रिंकी अचानक असंतुलित होकर चलती हुई बाइक से गिरकर घायल हो गई। उधर, करनपुरा निवासी जवान सिंह गुरूवार की दोपहर किसी काम के चलते बाइक लेकर जालौन की ओर आ रहे थे। रास्ते में अचानक से बाइक के सामने जानवर आने पर उन्होंने बाइक को रोकने का प्रयास किया। अचानक ब्रेक लगाने से बाइक फिसल गई और वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

# ईओ की कार्य प्रणाली से नाराज सभासद पालिका कार्यालय में धरने पर बैठे

## जमकर नारेबाजी कर मुख्य गेट पर जडा ताला

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** आए दिन सुर्खियो में रहने बाली नगर पालिका आज सभासद ईओ के विवाद का अखाडा बन गयी ।नगर पालिका परिषद में गुरुवार सुबह 12,30 बजे उस समय माहौल गर्म हो गया, जब नगर पालिका के कई सभासद अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव के कथित रवैये और नगर की समस्याओं के समाधान में लापरवाही तथा खराब बोल चाल का आरोप लगाते हुए पालिका कार्यालय के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए ।धरने पर बैठे सभासदों ने मुख्य गेट का ताला बंद कर ईओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और नगर की मूलभूत समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई।



धरने पर बैठे सभासदों का आरोप था कि नगर में सड़क निर्माण कार्यों में धांधली हो रही है, कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें सहित पोलो में लगी हैलोजन लंबे समय से बंद पड़ी हैं और नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उनका कहना था कि इन समस्याओं को लेकर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे जनता में भी भारी नाराजगी है ।पूंछे जाने पर सभासदो ने कहा कि यह अनशन जव तक चलता रहेगा तव तक कोई उच्चाधिकारी हम सभासदो की समस्याओ का निराकरण नही करते ।वही अनशन कारी सभासदो ने कहा कि अब ईओ की मनमानी नही चलने दी जाएगी ।वहीं, ईओ मोनिका उमराव ने सभासदों को बताया कि नगर पालिका का बजट अभी पास नहीं हुआ है, जिसके कारण कई विकास कार्य और समस्याओं का समाधान प्रभावित हो रहा है। वही कुछ लोगो द्वारा पालिका के गेट पर ताला डाला गया जिसके संबंध में एसड़ीएम को अवगत कराया गया हैं ।धरने में सभासद महेंद्र कुशवाहा,अमित यादव, रघुवीर कुशवाहा, मनोज गुप्ता,लकी दुबे,सभाषद प्रतिनिधि गौरव तिवारी,सरताज उद्दीन आदि सभासद मौजूद रहे। पूरे घटनाक्रम को लेकर नगर में चर्चाओं का माहौल बना रहा ।वही सभासद माधव यादव ईओ के पक्ष में खड़े दिखे।

# कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा की भावना ही एक अधिकारी की सबसे बड़ी पहचान - जिलाधिकारी

### स्थानांतरित पांच उप जिलाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर दी गई भावभीनी विदाई, उत्कृष्ट कार्यों की सराहना




( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक गरिमामय विदाई समारोह में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने अन्य जनपदों में स्थानांतरित हुए पांच उप जिलाधिकारियों हेमंत पटेल, विशेश्वर सिंह यादव, अमित शेखर, वीरेंद्र गुप्ता एवं ज्योति सिंह को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी। इस अवसर पर उनके कार्यकाल के दौरान जनहित एवं प्रशासनिक क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद जालौन में तैनाती के दौरान सभी उपजिलाधिकारियों ने निष्ठा, लगन और मेहनत के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सफलता टीम भावना से कार्य करने में निहित होती है और अधिकारियों की मेहनत एवं समर्पण के कारण ही जनपद शासन की विभिन्न रैंकिंग में लगातार टॉप-5, टॉप-10 सहित शीर्ष स्थान पर रहा है। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा गया कि एक अधिकारी का वास्तविक मूल्यांकन उसके पद से नहीं, बल्कि जनता के प्रति उसकी संवेदनशीलता, कार्यशैली और निष्पक्ष निर्णयों से होता है। अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने नए तैनाती स्थल पर भी इसी प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए शासन की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने भी अधिकारियों की कार्यशैली की सराहना की स्थानांतरित उप जिलाधिकारियों ने भी जनपद जालौन में मिले सहयोग एवं स्नेह के लिए जिलाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जालौन में प्राप्त अनुभव उनके प्रशासनिक जीवन की अमूल्य पूंजी रहेगा तथा यहां की कार्यसंस्कृति और टीम भावना सदैव प्रेरणा देती रहेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ईशान सोनी, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार आदि अधिकारी सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

# जालौन में एसडीएम तैनाती को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म, रिंकू सिंह राही को कौन सी तहसील मिलेगी?

- पांच एसडीएम के तबादले के बाद प्रशासनिक हलकों में नई तैनातियों को लेकर अटकलें तेज।
- प्रशिक्षणाधीन आईएएस रिंकू सिंह राही फिलहाल उरई में एसडीएम न्यायिक के रूप में कार्यरत।
- अंतिम निर्णय जिलाधिकारी के प्रशासनिक आदेश पर निर्भर, आधिकारिक घोषणा का इंतजार।

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद जालौन में पांच उप जिलाधिकारियों के स्थानांतरण के बाद प्रशासनिक गलियारों में नई तैनातियों को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। कलेक्ट्रेट और तहसील स्तर पर सबसे अधिक चर्चा प्रशिक्षणाधीन आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही को लेकर हो रही है। आम चर्चा है कि उन्हें अब किस तहसील का उप जिलाधिकारी (एसडीएम) बनाया जाएगा।

हाल ही में आयोजित विदाई समारोह में अन्य जनपदों में स्थानांतरित हुए पांच उप जिलाधिकारियों हेमंत पटेल, विशेश्वर सिंह यादव, अमित शेखर, वीरेंद्र गुप्ता एवं ज्योति सिंह को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने सम्मानपूर्वक विदाई दी। इन स्थानांतरणों के बाद कई तहसीलों में एसडीएम पद रिक्त होने की स्थिति बनी है, जिससे नई तैनाती को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। प्रशिक्षणाधीन आईएएस रिंकू सिंह राही वर्तमान में उरई में एसडीएम न्यायिक के पद पर कार्यरत हैं। प्रशासनिक हलकों में यह चर्चा है कि आईएएस अधिकारियों के प्रशिक्षण के दौरान उन्हें प्रायः किसी तहसील में एसडीएम का दायित्व देकर राजस्व एवं कानून-व्यवस्था का व्यावहारिक अनुभव कराया जाता है। ऐसे में रिंकू सिंह राही को भी किसी तहसील की जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि कुछ समय पहले उनके नाम को लेकर हुए विवादों के बाद उन्हें एसडीएम न्यायिक के रूप में कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई थी। अब पांच एसडीएम के स्थानांतरण के बाद यह सवाल फिर चर्चा का विषय बन गया है कि क्या उन्हें किसी तहसील का प्रभार सौंपा जाएगा या वर्तमान दायित्व पर ही रखा जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि नई तैनातियों और कार्य विभाजन का अंतिम निर्णय जिलाधिकारी द्वारा प्रशासनिक आवश्यकता, उपलब्ध अधिकारियों और शासन के निर्देशों के अनुरूप लिया जाएगा। फिलहाल इस संबंध में कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। जिले के प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में लोग अब जिलाधिकारी के अगले आदेश का इंतजार कर रहे हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही नई तैनातियों और तहसीलों के कार्य विभाजन को लेकर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

# उरई में स्कूल वैन पलटी, आधा दर्जन से अधिक छात्र घायल

### घायल बच्चों को निजी अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उरई कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब 8 बजे एक स्कूल वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में आधा दर्जन से अधिक स्कूली बच्चे घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायल बच्चों को तत्काल उरई मेडिकल कॉलेज एवं निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार हादसा कुईया रोड पर धमना गांव के पास हुआ। वैन में सवार सभी बच्चे ग्राम धमना के निवासी हैं, जो प्रतिदिन की तरह उरई स्थित एक स्कूल में पढ़ने जा रहे थे। इसी दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे वैन सड़क किनारे पलट गई।दुर्घटना में घायल छात्रों में वेदांश, दिव्या और दीपांजलि सहित अन्य बच्चे शामिल हैं। बताया गया है कि सभी छात्र-छात्राएं कक्षा सात के हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। वहीं इस घटना के बाद क्षेत्र में स्कूली वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

# जनपदवासियों को गुणवत्तापूर्ण एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता - जिलाधिकारी

### - जिलाधिकारी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी का किया निरीक्षण
### -व्यवस्थाओं का लिया जायजा, मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के दिए निर्देश



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजकीय मेडिकल कॉलेज, उरई पहुंचकर नव प्रारंभ हुई सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध कराई जा रही विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं सहज चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें उपचार के लिए अन्य जनपदों की ओर न जाना पड़े। जिलाधिकारी ने ओपीडी व्यवस्थाओं, पंजीकरण, चिकित्सकीय परामर्श, दवा वितरण तथा मरीजों की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक मरीज को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना प्राथमिकता है तथा उपचार के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने अवगत कराया कि सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी के अंतर्गत सोमवार को एंडोक्राइनोलॉजी (डायबिटीज एवं थायराइड), मंगलवार एवं गुरुवार को न्यूरोलॉजी (मस्तिष्क एवं नसों के रोग), बुधवार को नेफ्रोलॉजी (गुर्दा रोग) तथा शुक्रवार को गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (पेट एवं पाचन तंत्र संबंधी रोग) के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं के प्रारंभ होने से जालौन सहित आसपास के जनपदों के

# मदारीपुर पेट्रोल पंप के सामने भीषण सड़क हादसा, दो युवकों की मौत, एक गंभीर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कुठौंद थाना क्षेत्र के जालौन-औरैया हाईवे पर मदारीपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार औरैया की ओर से जालौन आ रही तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने बाइक पर सवार तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जखा निवासी कुलदीप और कुंदन (दोनों की उम्र लगभग 40 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं कमलेश 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही कुठौंद थाना पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। तीनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन लाया गया, जहां चिकित्सकों ने कुलदीप और कुंदन को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल कमलेश की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा मदारीपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने बने कट के कारण हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिलाधिकारी के निर्देश पर पूर्व में हाईवे पर बने कई अवैध कट बंद कराए गए थे, लेकिन कुछ पेट्रोल पंपों की सुविधा के लिए दोबारा कट खोल दिए गए हैं। लोगों का आरोप है कि इन्हीं कटों के कारण इस मार्ग पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना के संबंध में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# आरएलडी के पूर्व जिलाध्यक्ष विपिन शिवहरे ने संगठन के लोगों के साथ किया वृक्षारोपण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व जिला अध्यक्ष विपिन शिवहरे उर्फ ध्रुव बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने 500 वृक्ष लगाने का संकल्प लिया था जो की पूरा किया और मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी को निर्देश दिए की एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाए और आज राष्ट्रीय लोक दलित जनपद जालौन की पूरी टीम ने इसमें सहयोग दिया और यह लक्ष्य उनके सहयोग से पूरा हुआ और सा कुशल वृक्षारोपण का कार्यक्रम पूर्ण हुआ जिसमें क्षेत्रीय संगठन महासचिव मनोज बुधौलिया क्षेत्रीय सचिव नौशाद खान जिला प्रवक्ता संजीव कुमार जाटव महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष अनीता पांडे जी उरई नगर अध्यक्ष प्रीति सिंह और पार्टी के सदस्य समीर मंसूरी रितेश गौतम अमित कुमार सानू बृजेश कुमार राजेश राकेश, पार्टी के कार्यकर्ता मुस्तकीम मंसूरी अटरिया, विकास कुशवाहा, उस्मान मंसूरी, मजहर खान, शैलेंद्र सिंह सेंगर कार्यक्रम में कार्यकर्ता मौजूद रहे आदि कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे

# प्रधानमंत्री के आह्वान पर जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प

### भू-जल सप्ताह के तहत निकली जागरूकता रैली, 'कैच द रेन' अभियान से जुड़कर हर बूंद बचाने का दिया संदेश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** प्रधानमंत्री के 'कैच द रेन - हर बूंद बचाएं, भविष्य बनाएं' अभियान के आह्वान पर जनपद में भू-जल सप्ताह के अंतर्गत जल संरक्षण एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य आमजन को भू-जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं जल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना तथा जल संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाना था।

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि जल प्रकृति की अमूल्य धरोहर है और इसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। यदि प्रत्येक नागरिक वर्षा जल संचयन, जल के सदुपयोग एवं जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि भू-जल स्तर में सुधार के लिए वर्षा जल संचयन, जल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण तथा जल का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति जल संरक्षण के इस महाअभियान का सहभागी बन सके। रैली में जल सहेलियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने कलेक्ट्रेट परिसर से टाउन हॉल तक हाथों में जल संरक्षण संबंधी संदेशों वाली तख्तियां एवं बैनर लेकर रैली निकाली तथा 'जल है तो कल है', 'हर बूंद बचाएं, भविष्य बनाएं', 'कैच द रेन', 'वर्षा जल का करें संचयन' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर 'कैच द रेन' सेल्फी एवं रील प्रतियोगिता का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। आमजन से अपील की गई कि वे वर्षा जल संरक्षण के अपने प्रयासों को सेल्फी अथवा रचनात्मक रील के माध्यम से साझा कर माई गो प्लेटफॉर्म पर प्रतियोगिता में भाग लें तथा दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के अंत में जनपदवासियों से आह्वान किया गया कि वे जल का अनावश्यक दोहन रोकें, वर्षा जल संचयन को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और 'हर बूंद बचाएं, भविष्य बनाएं' के संकल्प के साथ जल-सुरक्षित एवं सतत विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# बारह दिन पूर्व सर्पदंश में घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** बारह दिन पूर्व सर्पदंश में घायल किशोर की इलाज के दौरान गुरूवार को मौत हो गई। किशोर की मौत के बाद के बाद घर पर परिजनों का रो रोकर बेहाल हैं।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी गौरव कुशवाहा (16) पुत्र मनोज कुमार बीती चार जुलाई की रात घर में सो रहा था। सोते समय उसे सांप ने काट लिया था। उसने सर्पदंश की जानकारी परिजनों को दी। परिजन तत्काल उसे घायल अवस्था में मेडिकल कालेज लेकर पहुचें। जहां उसे भर्ती कर लिया गया। बाद में परिजन उसे उपचार के लिए प्राइवेट चिकित्सालय झांसी ले गए। जहां पांच जुलाई से उसका उपचार चल रहा था। गुरूवार की दोपहर इलाज के दौरान गौरव की मृत्यु हो गई। किशोर की मौत की जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। मां पुष्पा देवी, बड़े भाई सौरभ व बड़ी बहिन मुस्कान रो रोकर बेहाल हैं।

# 'कैच द रेन' को जनआंदोलन बनाएं, जल की हर बूंद का संरक्षण ही सुरक्षित भविष्य की गारंटी - जनप्रतिनिधि

## भू-जल सप्ताह का शुभारंभ जल गोष्ठी से, राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत दिलाई गई 'जल शपथ', जल संरक्षण के लिए जनसहभागिता का आह्वान

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** जनपद में 16 से 22 जुलाई तक आयोजित भू-जल सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में जल गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष/प्रशासक डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर संचालित 'कैच द रेन' अभियान का उद्देश्य वर्षा की प्रत्येक बूंद को संरक्षित कर भू-जल स्तर को बढ़ाना तथा जल संकट का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। सभी लोगों से वर्षा जल संचयन को अपनाने तथा जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि 'जहाँ गिरे, जब गिरे, वर्षा जल को वहीं संचित करें' के मूल मंत्र को अपनाकर ही जल संकट का प्रभावी समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि भू-जल संरक्षण के लिए जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, विद्यालय, कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों पर वर्षा जल संचयन की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भू-जल सप्ताह के दौरान जनपद में जागरूकता रैलियां, गोष्ठियां, प्रतियोगिताएं, पौधरोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों को 'जल शपथ' भी दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे जल का विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे, पानी की प्रत्येक बूंद का संरक्षण करेंगे, 'जल शक्ति अभियान : कैच द रेन' को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देंगे तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी जल बचाने और जल का अपव्यय रोकने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही यह संकल्प भी लिया गया कि जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं समृद्ध भविष्य का निर्माण किया जाएगा। गोष्ठी में जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण, जल स्रोतों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि यदि आज जल संरक्षण के प्रति सजग नहीं हुए तो भविष्य में जल संकट और गंभीर हो सकता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को जल बचाने की आदत अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनानी होगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, परमार्थ संस्था से वरुण सिंह, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# सूने घर में चोरी के मामले में अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** नगर के मोहल्ला अदलसराय में सूने घर में हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में कोतवाली कालपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना के खुलासे के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

पीड़ित महफूज खान पुत्र मोहम्मद खान निवासी मोहल्ला अदलसराय ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह एक कागज फैक्ट्री में बीटर मशीन चलाने का कार्य करते हैं। उनकी पत्नी व बच्चे 11 जुलाई को शाम करीब तीन बजे शुक्लागंज ( कानपुर ) चले गए थे। वह घर में ताला लगाकर ड्यूटी पर चले गए। 13 जुलाई की रात अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात तथा 64 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। सुबह करीब आठ बजे घर पहुंचने पर उन्हें मुख्य दरवाजे और अलमारी के ताले टूटे मिले। इसके बाद उन्होंने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना महमूदपुर चौकी प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा को सौंपी है। क्षेत्राधिकारी राजेश कमल ने बताया कि चोरी की घटना के खुलासे के लिए पुलिस की टीमें लगातार सक्रिय हैं। घटनास्थल से लेकर आसपास के कई मोहल्लों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहनता से परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही घटना का सफल खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स ने किया वृक्षारोपण

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमएसवी इंटर कॉलेज कालपी में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने कहा कि पृथ्वी हमारी मां है और वृक्ष उसका श्रृंगार हैं। वृक्ष मानव जीवन के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ उनकी नियमित देखभाल करना भी सभी की जिम्मेदारी है। अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही पर्यावरण को सुरक्षित और संतुलित बनाया जा सकता है। इस अवसर पर कैप्टन राजमणि, एनसीसी ट्रूप अधिकारी राहुल सिंह, अमर सिंह, अनिरुद्ध कांत द्विवेदी, वेद प्रकाश सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में एनसीसी कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया।

# नवीन बार एसोसिएशन चुनाव 18 जुलाई को

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । वरिष्ठ अधिवक्ता समिति नवीन बार एसोसिएशन के चेयरमैन अधिवक्ता कृष्णचंद्र त्रिपाठी ने जानकारी देकर बताया कि नवीन बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव दिनांक 18 जुलाई को सुबह 11 बजे से तहसील स्थित बार भवन पर संपन्न होगा। उन्होंने सभी मतदाताओं से चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है।

# पति बना हौसला, पत्नी बनी दरोगा

**-दो साल की तैयारी में पहली कोशिश में यूपी एसआई और दिल्ली पुलिस परीक्षा में सफलता**

**-शादी के बाद पति के सहयोग से पूरा किया वर्दी पहनने का सपना**




( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जालौन जनपद के माधौगढ़ क्षेत्र के भंगा गांव की बेटी पूजा सिंह ने यह साबित कर दिया कि शादी सपनों की मंजिल में बाधा नहीं, बल्कि मजबूत सहारा भी बन सकती है। पति शरद सिंह के सहयोग और प्रोत्साहन से पूजा ने महज दो वर्ष की तैयारी में पहली ही कोशिश में उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा के साथ-साथ दिल्ली पुलिस की परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली।

पूजा सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के सरकारी विद्यालय से प्राप्त की। इसके बाद इंटरमीडिएट, बीएससी और बीटीसी की पढ़ाई पूरी की। शादी के बाद भी उनके मन में पुलिस की वर्दी पहनकर सेवा करने का सपना कायम रहा। उनके पति शरद सिंह ने हर कदम पर उनका उत्साह बढ़ाया और पारिवारिक जिम्मेदारियों को साझा करते हुए उन्हें पूरी तरह पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। उरई में रहकर पूजा ने लगातार दो वर्षों तक कठिन परिश्रम किया। नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने पहली ही कोशिश में सफलता हासिल कर अपने परिवार और जिले का नाम रोशन किया। पूजा सिंह की उपलब्धि उन युवतियों के लिए प्रेरणा है जो विवाह के बाद भी अपने करियर और सपनों को साकार करना चाहती हैं। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि यदि परिवार और जीवनसाथी का विश्वास व सहयोग मिले तो कठिन से कठिन लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं। अब भंगा गांव की बेटी पुलिस की वर्दी पहनकर समाज और कानून व्यवस्था की सेवा करेगी। उनकी सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग इसे बेटियों के आत्मविश्वास तथा परिवार के सहयोग की मिसाल के रूप में देख रहे हैं।

# भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष के स्वागत की तैयारियां तेज, राठौर समाज करेगा तुलादान

## उरई में बैठक कर बनाई रणनीति, एसआर इंटर कॉलेज के पास होगा भव्य स्वागत समारोह

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** भाजपा के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू के जनपद आगमन को लेकर राठौर समाज ने तैयारियां तेज कर दी हैं।गुरुवार को उरई में गौरव राठौर के आवास पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक राठौर एवं अपना दल (एस) के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित राठौर के संयुक्त नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई, जिसमें स्वागत कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर में स्वागत के लिए होर्डिंग लगाए जाएंगे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक राठौर ने बताया कि क्षेत्रीय अध्यक्ष का काफिला झांसी से औरैया जाते समय कोंच बस स्टैंड स्थित एसआर इंटर कॉलेज के पास पहुंचेगा, जहां राठौर समाज की ओर से उनका तुलादान, माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया जाएगा। बैठक में डॉ. कमलेश राठौर, हरिओम राठौर, लोकेंद्र राठौर, चंद्रभान राठौर, जितेंद्र राठौर, उमाशंकर राठौर, संजीव राठौर, मोहन राठौर, दिलीप राठौर, सुरेश राठौर, कल्याण राठौर, नंदकिशोर राठौर, प्रदीप राठौर, पुष्पेंद्र राठौर, अरविंद राठौर सहित राठौर समाज के कई लोग मौजूद रहे।

# वोल्टेज और बिजली आपूर्ति बाधित होने से किसान परेशान

## ग्रामीण किसानों ने जिलाधिकारी को सौंपा प्रार्थना पत्र

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** विकास खंड डकोर के ग्राम जगरौली खुर्द के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी जालौन को संबोधित एक प्रार्थना पत्र देकर गांव में लगातार लो वोल्टेज एवं बाधित विद्युत आपूर्ति की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

कपिल यादव गुमावली के नेतृत्व में राहुल पिरौना, धीरेन्द्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, राजेश, साहब, धीरेन्द्र प्रताप प्रधान प्रतिनिधि, प्रहलाद, पवन, राजीव कुमार, बालादीन, सुनील पिरौना, विजय सिंह पिरौना आदि किसानों ने बताया कि इस समय धान की फसल बोने का कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन गांव में पर्याप्त बिजली आपूर्ति न मिलने और लो वोल्टेज की समस्या के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समय पर सिंचाई न होने से धान की फसल प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि गांव के अधिकांश किसान खेती पर निर्भर हैं और विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से उनकी आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गांव में नियमित एवं पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर लो वोल्टेज की समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाए, ताकि किसान समय पर अपनी फसलों की सिंचाई कर सकें। इस प्रार्थना पत्र पर गांव के कई ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में तहसीलदार ने दिए लक्ष्य के अनुरूप वसूली के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** तहसील कार्यालय में गुरुवार को तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की अध्यक्षता में राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य देय एवं विविध देय मदों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए संग्रह अमीनों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि जून माह में मुख्य देय मद में 75 प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष 81 प्रतिशत राजस्व वसूली की गई, जबकि विविध देय मद में 35 प्रतिशत लक्ष्य के मुकाबले 52 प्रतिशत वसूली दर्ज की गई। तहसीलदार ने वसूली की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष बकायेदारों से समयबद्ध वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप राजस्व वसूली अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संग्रह अमीन नियमित रूप से क्षेत्र में भ्रमण कर बकायेदारों से संपर्क करें और निर्धारित लक्ष्य समय से पूरा करें। बैठक में नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, चंद्रमोहन शुक्ला, प्रिंस राजपूत, संग्रह अमीन लखन लाल वर्मा, प्रेम कुमार पांडेय, प्रकाश चंद्र, अनिल कुमार, हर्ष सोनी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि कालपी तहसील में वर्तमान में केवल पांच संग्रह अमीन कार्यरत हैं। इन्हें राजस्व वसूली के साथ-साथ कार्यालय कार्य भी संभालने पड़ रहे हैं, क्योंकि तहसील में लिपिकों की तैनाती नहीं है। इसके बावजूद राजस्व वसूली अभियान को गति देने का प्रयास किया जा रहा है।

# डॉ. प्रियांक शर्मा को मिला 'ग्लोरियस नेशन अवॉर्ड-2026'

## - शिक्षा व कौशल विकास में उत्कृष्ट योगदान पर राष्ट्रीय सम्मान, बोले- यह पूरे संस्थान का गौरव

( यंग भारत न्यूज )






**उरई,जालौन।** शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा आईटीआई, जालौन के उप निदेशक डॉ. प्रियांक शर्मा को प्रतिष्ठित 'ग्लोरियस नेशन अवॉर्ड-2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान युवाओं को तकनीकी शिक्षा और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

डॉ. प्रियांक शर्मा ने कहा कि यह सम्मान उनका व्यक्तिगत नहीं, बल्कि संस्थान के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शुभचिंतकों का है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा देकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि संस्थान में आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण, व्यवहारिक शिक्षा और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कौशल विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सम्मान मिलने पर शिक्षाविदों, समाजसेवियों, विद्यार्थियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे जनपद के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

# अनिल कुदारी के नेतृत्व में जालौन में मजबूत हो रहा अपना दल (एस) का संगठन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद जालौन में अपना दल (एस) का संगठन लगातार विस्तार कर रहा है। पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी के नेतृत्व और सक्रिय संगठनात्मक प्रयासों के चलते पार्टी का जनाधार बढ़ने का दावा किया जा रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लगातार सदस्यता अभियान, जनसुनवाई कार्यक्रम तथा कार्यकर्ताओं के बीच नियमित संवाद से संगठन को मजबूती मिल रही है।

अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सहयोगी के रूप में कार्य कर रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए संगठन लगातार सक्रिय है। जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी का कहना है कि पार्टी का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। इसी लक्ष्य के तहत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पार्टी नेताओं का दावा है कि जनपद में अपना दल (एस) की बढ़ती सक्रियता और संगठनात्मक मजबूती के कारण उसका जनाधार लगातार बढ़ रहा है। उनका कहना है कि संगठन के विस्तार ने अन्य राजनीतिक दलों के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है और आने वाले समय में पार्टी जनपद की राजनीति में और अधिक प्रभावी भूमिका निभाएगी।

# मोहब्बत का झांसा और मौत का सफर, सरकारी अफसर की खूबसूरत पत्नी ने प्रेमी संग रात में ही कर डाला 'कांड'



( यंग भारत न्यूज )

**पटना।** बिहार में बढ़ते अपराधों के बीच ऐसा मामला सामने आया है, जिसने इंसानियत ही नहीं, बल्कि पति-पत्नी के रिश्तों पर शर्मसार कर दिया है. हाल ही में सरकारी अफसर की ट्रेन के अंदर गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है.

जांच में पता चला कि मृतक की हत्या के पीछे उसकी ही पत्नी का हाथ है, जिसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी. आरोपी पत्नी ने दूसरे शख्स के प्यार में पड़कर अपने ही पति के मौत की साजिश रची. यह कहानी बिल्कुल किसी खौफनाक क्राइम थ्रिलर फिल्म जैसी है, जिसे सुनकर किसी भी भी रूह कांप जाएगी. पुलिस के अनुसार, जमुई में तैनात विद्युतकर्मी देवकुमार गुंजन अपनी पत्नी से मिलने के लिए घर जा रहे थे. वह अपनी पत्नी से मिलने के लिए बेकरार थे. वह जनसाधारण एक्सप्रेस में सफर करते हुए घर लौट रहे थे, लेकिन यह उनका आखिरी सफर साबित हुआ. देवकुमार गुंजन को बिल्कुल पता नहीं था कि जिस पत्नी के पास वो जा रहे हैं, वो उनके स्वागत की नहीं बल्कि उनके जनाजे की तैयारी कर चुकी है. यह पूरी घटना 11 जून की है. मानसी रेल थाना क्षेत्र के बदला घाट के पास चलती ट्रेन में देवकुमार गुंजन को बेहद करीब से गोली मार दी गई. गंभीर हालत में देवकुमार को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. शुरुआत में यह मामला पूरी तरह उलझा हुआ था, क्योंकि पुलिस के पास न कोई सुराग था, न कोई गवाह. रेल पुलिस के लिए यह एक 'ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री' बन चुका था, लेकिन जब जांच शुरू हुई, तो मामला कुछ और ही सामने आया. रेल एसपी के नेतृत्व में गठित स्क्वॉड और स्क्वॉड की टीम ने 1 महीने से ज्यादा समय तक इस मामले की जांच की. 34 दिनों की कड़ी मशक्कत, तकनीकी और वैज्ञानिक जांच के बाद जब सच सामने आया, तो सभी के होश उड़ गए. जांच में खुलासा हुआ कि मृतक देवकुमार की हत्या के पीछे उनकी ही पत्नी समिता कुमारी का हाथ है. जांच में पता चला कि मृतक देवकुमार की पत्नी समिता कुमारी, जो खुद सुपौल में एमवीआई (मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर) के बड़े पद पर तैनात है. उसका जहानाबाद के अजीत कुमार नाम के शख्स के साथ अवैध प्रेम प्रसंग चल रहा था. हालांकि उन दोनों के प्यार के बीच में देवकुमार रोड़ा बने हुए थे, जिसे हटाने के लिए समिता कुमारी ने साजिश रची. एमवीआई पत्नी और उसके बॉयफ्रेंड ने मिलकर देवकुमार की हत्या का प्लान तैयार किया. उन दोनों ने मिलकर 'राजू कुमार उर्फ धीरज' नाम के एक शातिर सुपारी किलर को हायर किया. उसे देवकुमार की पल-पल की लोकेशन दी गई, जिसकी मदद से किलर ने चलती ट्रेन में इस वारदात को अंजाम दिलवाया गया. पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए मर्डर मिस्ट्री का खुलासा किया. साथ ही तीनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने एक्शन लेते हुए तीन मुख्य किरदारों को दबोच लिया है. इनमें मृतक की पत्नी समिता कुमारी (एमवीआई पत्नी और मुख्य साजिशकर्ता), अजीत कुमार (प्रेमी) और राजू कुमार उर्फ धीरज (सुपारी किलर/शूटर) शामिल हैं. पुलिस ने इस वारदात में इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी बरामद कर लिए हैं. पूछताछ में तीनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है. फिलहाल पुलिस इस मामले में शामिल कुछ और मददगारों की तलाश में जुटी हुई है.

# राजस्थान जेल में गूंजेंगी शहनाइयां! पति की हत्या की दोषी महिला से शादी करेगा कैदी, एचसी की मंजूरी

( यंग भारत न्यूज )



राजस्थान हाईकोर्ट ने एक अहम और मानवीय फैसला सुनाते हुए हत्या के मामले में सजायाफ्ता दो बंदियों को शादी करने की अनुमति दे दी है. जोधपुर के मंडोर स्थित ओपन एयर कैंप में रहने वाले बंदी मुलाराम और पैरोल पर बाहर आई सजायाफ्ता महिला सीमा अब अदालत की अनुमति से शादी बंधन में बंध सकेंगे.

अदालत ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित नियमों और सुरक्षा व्यवस्था के साथ शादी समारोह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए. याचिकाकर्ता मुलाराम, नागौर जिले के एडसिंगा गांव का निवासी है. उसे वर्ष 2023 में पड़ोसी की हत्या, साक्ष्य मिटाने और संपत्ति के दुरुपयोग के मामले में दोषी ठहराया गया था. वहीं सीमा अपने पति की हत्या के मामले में सजा काट रही है. वर्ष 2017 से मुलाराम जेल में बंद रहने और अच्छे आचरण के कारण उसे मंडोर ओपन एयर कैंप में रखा गया है. वहीं, सीमा भी हत्या के मामले में सजायाफ्ता है और वर्तमान में पैरोल पर बाहर है. दोनों पक्षों की ओर से अदालत को बताया गया कि वे अपनी इच्छा से शादी करना चाहते हैं और यह कदम उनके सामाजिक पुनर्वास की दिशा में महत्वपूर्ण होगा. राज्य सरकार ने भी अपनी रिपोर्ट में दोनों की शादी करने की इच्छा की पुष्टि करते हुए कहा कि नियमों के अनुरूप ओपन एयर कैंप में शादी कराने पर सरकार को कोई आपत्ति नहीं है. हाईकोर्ट ने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि शादी समारोह में पंडित सहित दोनों पक्षों के अधिकतम 21-21 परिजनों को शामिल होने की अनुमति होगी. विशेष परिस्थितियों में जेल प्रशासन अपने विवेक से अतिरिक्त लोगों को भी प्रवेश दे सकेगा. शादी की तिथि पहले से प्रशासन को बतानी होगी तथा सुरक्षा, अनुशासन और ओपन एयर कैंप की गरिमा बनाए रखने से जुड़े सभी नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा. शादी का पूरा खर्च दोनों पक्ष स्वयं वहन करेंगे. यह फैसला न केवल संवैधानिक अधिकारों की पुष्टि करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि सजा काट रहे बंदियों के सामाजिक पुनर्वास और सम्मानजनक जीवन के अधिकार को भी न्यायपालिका गंभीरता से देख रही है.

# रिश्तेदार ने ही 12 साल की बच्ची के साथ किया ये घिनौना काम...पीड़िता बोली शादी, ईद किसी में नहीं छोड़ा...करने लगा था...

( यंग भारत न्यूज )



महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से एक ऐसा मामला सामने आया है जो आपको हैरान कर देगा। यहां रिश्तों की मर्यादा और बच्चों की सुरक्षा दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर देने वाली यह घटना है।

यहां एक फैशन डिजाइनर की 12 साल की बेटी के साथ उसके ही एक करीबी रिश्तेदार की ओर से कई बार अश्लील हरकत की गई। पुलिस ने (पॉक्सो) एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मीडिया रिपोटर्स की माने तो पुलिस शिकायत के मुताबिक, घटनाओं की शुरुआत 22 मई 2025 से हुई। बच्ची ने घरवालों को बताया कि पहली बार आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकत की और उसे किसी से कुछ भी न बताने की धमकी दी। इसके बाद नवंबर 2025 में एक शादी के दौरान कोलकाता में दोबारा छेड़छाड़ की गई। मार्च 2026 में रमजान ईद के दौरान भी आरोपी पर बच्ची के साथ अशोभनीय हरकत करने का आरोप है।

खबरों की माने तो इस मामले का सबसे दुखद पहलू यह है कि आरोपी फरमान अंसारी, पीड़िता के मामा का साला है। इतने करीबी पारिवारिक सदस्य पर लगे इन आरोपों ने पूरे मामले को बेहद गंभीर बना दिया है। लगातार मिल रही धमकियों और कथित शोषण के कारण मासूम बच्ची लंबे समय तक सदमे में थी, आखिरकार, हिम्मत जुटाकर उसने अपने माता-पिता को आपबीती सुनाई। शिकायत के आधार पर तत्परता दिखाते हुए मुंबई पुलिस की एक टीम कोलकाता पहुंची और आरोपी फरमान अंसारी को गिरफ्तार कर लिया

# इस किले पर लगे मुसलमानों की नो-एंट्री के पोस्टर; पुलिस महकमे में मचा हड़कंप, एक्शन में एटीएस

महाराष्ट्र के ऐतिहासिक सिंहगढ़ किले के मुख्य प्रवेश द्वार पर एक बेहद आपत्तिजनक पोस्टर मिलने के बाद इलाके में तनावपूर्ण महौल है, जिसके बाद पुणे रूरल पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है. जानकारी के मुताबिक, बुधवार को किले के पार्किंग एरिया के पास एक पुराने मेटल बोर्ड पर मराठी भाषा में लिखा एक पोस्टर चिपका पाया गया, जिसमें लिखा था कि यह हिंदुओं का है और मुसलमानों को अंदर आने की इजाजत नहीं है.



इस शरारती पोस्टर को आधिकारिक रूप देने के लिए नीचे ऑर्डर से (आदेशानुसार) भी लिखा गया था. हालांकि, मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने तुरंत एक्शन लिया और इस विवादित पोस्टर को वहां से हटा दिया. पुणे रूरल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने साफ किया कि किसी भी सरकारी विभाग ने ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया है. यह समाज में द्वेष फैलाने की एक सोची-समझी साजिश है. पुलिस ने इस मामले में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ नॉन-कॉग्निजेबल केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है कि आखिर सुबह-सुबह यह पोस्टर किसने चिपकाया. किले पर मचे इस बवाल के बीच, महाराष्ट्र एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) ने पुणे जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक और चौंकाने वाला खुलासा किया है. एटीएस ने पुणे सिटी, पुणे रूरल और पिंपरी-चिंचवड़ इलाकों में एक साथ छापेमारी कर 66 ऐसे स्थानीय लोगों से पूछताछ की है, जो सीधे पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के संपर्क में थे. मंगलवार सुबह 7 बजे शुरू हुए इस बड़े ऑपरेशन का मकसद उस पाकिस्तानी नेटवर्क को ध्वस्त करना है, जो सोशल मीडिया के जरिए भारतीय युवाओं को देश विरोधी गतिविधियों में धकेलने की साजिश रच रहा था. एटीएस की शुरुआती जांच और इंटेलिजेंस इनपुट से जो बातें सामने आई हैं, वे बेहद चिंताजनक हैं. पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी और उसके गुर्गों ने फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और व्हाट्सएप पर कई फर्जी प्रोफाइल बना रखी थीं, जिसके जरिए वे भारतीय युवाओं से दोस्ती करते थे. यह नेटवर्क युवाओं में गुस्सा भड़काने और उन्हें कट्टरपंथी बनाने के लिए धार्मिक और सामाजिक रूप से संवेदनशील मुद्दों का सहारा ले रहा था. आर्थिक रूप से कमजोर और बेरोजगार युवाओं को पैसे का लालच देकर देश-विरोधी और समाज-विरोधी हरकतों के लिए उकसाया जा रहा था. जांचकर्ताओं को अंदेशा है कि इस नेटवर्क का मकसद संवेदनशील जानकारी जुटाना, ड्रग्स और अवैध हथियारों की तस्करी के लिए लोकल ऑपरेटिव्स या स्लीपर सेल तैयार करना था. महाराष्ट्र एटीएस ने नागरिकों, विशेषकर युवाओं को सख्त हिदायत दी है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान या संदिग्ध व्यक्ति से बातचीत न करें. इसके साथ ही माता-पिता से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों और मोबाइल पर कड़ी नजर रखें. एटीएस ने चेतावनी दी है कि देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा.

# छुपकर देवर ले गया भाभी को होटल, गैर औरत के साथ रूम में था पति, शक्ल देख उड़े होश?

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** प्रदेश के हापुड़ से एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है. जहां एक महिला अपने देवर के साथ बांके बिहारी होटल में पहुंची. उसी होटल में उसका पति गैर औरत के साथ मौजूद था. यह देखकर पत्नी के होश उड़ गए. जिसके बाद पत्नी ही नहीं उसके देवर ने भी आपा खो दिया. और जमकर पति की धुनाई कर दी. यह मामला बीते 12 जुलाई यानि कि रविवार का है. आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला. बागपत की रहने वाली एक महिला को अपने पति पर बहुत दिनों से शक था. जिसके बाद उसने अपने ससुर और देवर को बताया कि उसे ऐसा लगता है कि मेरे पति का किसी गैर औरत से अफेयर चल रहा है. जिसके बाद उसने देवर के साथ मिलकर पति की गाड़ी में जीपीएस सिस्टम लगा दिया. उसके बाद जब उसका पति रविवार को घर से निकला तो उसे ट्रैक करते हुए अपने देवर के साथ वह हापुड़ के बांके बिहारी होटल पहुंची.

होटल में महिला ने अपने पति को उसकी कथित प्रेमिका के साथ रंगेहाथ पकड़ लिया. जिसके बाद पत्नी आग बबूला हो गई और उसने पति को होटल, सड़क और बस में जमकर पिटाई की. पतिपत्नी के बीच हो रही मारपीट को देखने के लिए रोड पर भीड़ जमा हो गई. जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और शांतिभंग में दोनों पक्षों के बीच कार्रवाई कर दी. एसडीएम कोर्ट से जब पति को जमानत मिली तो फिर पत्नी ने उसकी पिटाई की. वहीं पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मेरी पत्नी का जिसके साथ चक्कर चल रहा है वह सरकारी अस्पताल में नर्स है. पुलिस तहरीर के आधार पर आगे की जांच और कार्रवाई कर रही है. पतिपत्नी के बीच का यह मामला अब हर जगह चर्चाओं में है और सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है

# इटावा की 'आशिकी' ने आशिक संग मिलकर पति को लगाया ठिकाने, एक गलती और पहुंचे हवालात

( यंग भारत न्यूज )




**इटावा।** यूपी के इटावा की आशिकी देवी ने अपने आशिक के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पत्नी ने पति के दूध में नशे की गोलियां मिलाकर खिलाई, जिसके बाद पति बेहोश हो गया। बेहोश होने पर पत्नी और प्रेमी के साथ मिलकर पति का गला घोंटकर हत्या कर दी। पत्नी ने पति की मौत को सुसाइड दिखाने की कोशिश की। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का सच सामने आ गया। पुलिस ने पत्नी से सख्ती से पूछताछ की तो सारा सच सामने आ गया। पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर जुर्म कबूल लिया। वारदात के बाद बाहर जाते वक्त शिवम कमरे का दरवाजा बाहर से लॉक कर गया। यहीं से पुलिस को शक हुआ और पूरा मामला खुल गया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इटावा जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के तोडा गांव में 12 जुलाई की रात 35 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर आनंद उर्फ महबूब राजपूत की गला घोंटकर हत्या की गई। पुलिस के अनुसार प्रॉपर्टी डीलर आनंद की हत्या उसकी पत्नी आशिकी देवी ने अपने बॉयफ्रेंड शिवम राजपूत के साथ मिलकर की। हत्या से पहले आशिकी ने पति आनंद को दूध में नशे की गोलियां मिलाकर खिलाई थी। कुछ समय पहले आनंद ने अपनी पत्नी को पड़ोसी शिवम के साथ देखा था। आशिकी ने खुद को बेकसूर बताते हुए शिवम पर छेड़छाड का आरोप लगाया और शिवम को पुलिस ने जेल भेज दिया। जून के शुरूआत में शिवम जेल से बाहर आया और आशिकी से साथ फिर से इश्क करने लगा। दोनों ने आनंद को ठिकाने लगाने का प्लान बनाया।12 जुलाई की रात आशिकी ने पति को रात के दूध में नशे की गोलियां मिलाकर दी। बेहोश होने पर आशिकी और शिवम ने मिलकर उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद बाहर जाते वक्त शिवम कमरे का दरवाजा बाहर से लॉक कर गया। जिसके बाद आशिकी ने पति के सुसाइड करने की जानकारी दी। परिवार वालों को पत्नी पर शक था। पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जांच पड़ताल में पुलिस को दरवाजा बाहर से लॉक होना खटक गया। बस यहीं से पुलिस ने पत्नी से पूछताछ की तो आशिकी ने अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# छाती दबाना और सलवार उतारना रेप नहीं! तो क्या है कानून में बलात्कार की परिभाषा? जिस पर ट्रोल हुआ पटना एचसी

( यंग भारत न्यूज )

पटना हाईकोर्ट की एक हालिया कानूनी टिप्पणी ने देश भर में एक नई बहस छेड़ दी है, जिससे कानूनी बारीकियों और सामाजिक दृष्टिकोण को आमने-सामने खड़ा कर दिया है. बांका जिले के एक पुराने मामले पर अदालत ने स्पष्ट किया है कि किसी महिला की सलवार उतारने की कोशिश करना या उसकी छाती दबाना कानूनी रूप से बलात्कार का प्रयास नहीं माना जा सकता है.

इस फैसले के सामने आते ही सोशल मीडिया पर कोर्ट की कड़ी आलोचना शुरू हो गई है. आम लोग इसे संवेदनहीन मान रहे हैं, और पटना हाई कोर्ट को जमकर ट्रोल कर रहे हैं. चलिए जानें कि कानून की नजर में आखिर बलात्कार की परिभाषा क्या होती है. यह पूरा विवाद बिहार के बांका जिसे के अमरपुर में साल 2008 में हुई एक घटना से जुड़ा है. एक युवती अपने पिता के साथ स्टूडियो में फोटो खिंचाने के लिए गई थी, जहां स्टूडियो संचालक ने पिता को बाहर भेजकर दरवाजा बंद कर लिया. आरोपी ने अंदर युवती के साथ जबरदस्ती करते हुए उसकी सलवार उतारने की कोशिश की और उसकी छाती दबाई, लेकिन जब लड़की ने शोर मचाया तो वह भाग निकला. इस मामले में निचली अदालत से दोषी पाए गए शख्स की अपील पर सुनवाई करते हुए जस्टिस




पूर्णेंदु सिंह की बेंच ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य या कृत्य स्पष्ट नहीं है, जिससे बलात्कार के प्रयास का अपराध सिद्ध हो सके और इसी आधार पर कोर्ट ने आरोपी को बरी कर दिया. ऐसे में सवाल यह है कि अगर किसी महिला की इजाजत के बिना उसकी छाती दबाना या फिर सलवार उतारना रेप की परिभाषा में नहीं आता है तो फिर आखिर बलात्कार की परिभाषा है क्या? इस पूरे विवाद के बीच यह समझना जरूरी है कि देश की अदालतें भावनाओं पर नहीं, बल्कि लिखित कानून की परिभाषा पर काम करती हैं. देश के कानून के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 63 के तहत बलात्कार तब माना जाता है, जब कोई पुरुष किसी महिला की इच्छा के बिना उसके शरीर के गुप्त अंगों (योनि या गुदा) में अपने लिंग का प्रवेश कराता है. इसके अलावा किसी वस्तु या उंगली को महिला के निजी अंगों में डालना या उसके निजी अंगों पर मुंह लगाना भी इसी दायरे में आता है. भारतीय कानून में सहमति यानी कंसेंट को बेहद बारीकी से समझाया गया है, ताकि किसी के भी साथ नाइंसाफी न हो. कानून कहता है कि सहमति का मतलब महिला कि अपनी मर्जी से दी गई स्पष्ट हां है, जिस पर किसी भी प्रकार का डर, लालच या फिर दबाव न हो. अगर कोई महिला डर के मारे विरोध नहीं कर पाती है या फिर रोने-चिल्लाने की स्थिति में नहीं होती है, तो अदालत उसे उसकी रजामंदी बिल्कुल नहीं मानती है. इसके अलावा अगर 18 साल से कम उम्र की लड़की, नशे में धुत महिला या मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति की सहमति को कानून की नजर में पूरी तरह से अमान्य और शून्य माना जाता है.

# जेजेएम की क्षतिग्रस्त रोड कटिंग की मरम्मत का रास्ता साफ, कार्यदायी संस्थाओं से फाईन लगाकर होगी वसूली:- डीएम

## माताटीला बांध से 195 एमएलडी पम्प स्टेशन को अगस्त तक पूरा करने की जल निगम नगरीय को दी चेतावनी

- गुरसराय - गरौठा पेयजल पुनर्गठन योजना जुलाई माह तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें
- 01 मीटर से गहरी रोड कटिंग पीडब्लूडी और 01 मीटर से कम गहरी रोड कटिंग मरम्मत करेगा जल निगम
- मैसर्स बीजीसीसी प्राइवेट लिमिटेड के 286 गॉव, दिसम्बर 26 तक की दी मोहलत, सभी कार्य पूर्ण करें
- बी0जी0सी0सी0प्रा0लि0 को इमलौटा/बरथरी/टहेर का समूह पेयजल योजना में जल्द से जल्द सौ फीसदी रेगुलर वाटर सप्लाई के दिए निर्देश
- पाइप पेयजल योजना अंतर्गत शहर क्षेत्र में पाइपलाइन डालने के दौरान खोदी गई सड़कों के गुणवत्ता की ली जानकारी



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन बैठक की अध्यक्षता करते हुये जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत पाइपलाइन डालने के उद्देश्य से एजेंसियो द्वारा खोदी गई सड़कों को मानक अनुसार एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ री-स्टोर किए किए जाने की समीक्षा करते हुए एजेंसियों से फाइन लगाकर वसूली किये जाने के निर्देश दिए ताकि उक्त सड़कों को गुणवत्ता के साथ लोक निर्माण विभाग एवं जल निगम द्वारा तैयार कराया जा सके। बैठक में रोड कटिंग के माध्यम से क्षतिग्रस्त सड़कों की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी सीडी-3 श्री एके सिंह ने बताया कि लगभग 100 सड़कें हमारे विभाग की एवं एई पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खण्ड ने बताया कि लगभग 70 सड़कें पाइपलाइन डालने के दौरान रोड कटिंग करते हुए क्षतिग्रस्त की गई हैं। जिलाधिकारी ने रोट कटिंग के द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों पर एजेंसियों को फाइन लगाते हुए वसूली किए जाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा की एक मीटर गहरी रोड कटिंग से क्षतिग्रस्त सड़क को लोक निर्माण विभाग द्वारा तथा एक मीटर से कम गहरी क्षतिग्रस्त सड़क को जल निगम द्वारा रिस्टोरेशन किया जाए। बैठक में जल निगम मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजना अन्तर्गत बिछी पाइप लाइन को निर्माण खंड 3 लोक निर्माण विभाग को क्षतिग्रस्त किए जाने की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित 06 क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को गुणवत्ता के साथ 15 दिन में ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सड़कों और पाइपलाइन के कार्य की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य सभी को शुद्ध पानी मिले कोई भी शुद्ध पेयजल से वंचित न रहे। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजना के सापेक्ष 07 परियोजनाएँ पूर्ण, शेष 03 परियोजनाओं की उन्होंने बिंदुबार की जानकारी ली और जल्द से जल्द शत प्रतिशत घरों में रेगुलर वाटर सप्लाई किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम समूह पेयजल योजना की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था मै0 बीजीसीसी प्राइवेट लिमिटेड के कार्य की प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए दिसम्बर 2026 तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने श्री संदीप दीक्षित जीएम को निर्देशित किया कि जो कार्य किया जाना है उसका प्लान 05 दिन में बना कर दें ताकि त्योहारों से पूर्व सभी मार्गों को दुरुस्त कर लिया जाए। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए उन्होंने एजेंसियों द्वारा पाइप लाइन डाले जाने के दौरान खोदी गई सड़कों को मानक अनुसार और गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द ठीक करने के निर्देश दिए ताकि आम जन मानस को आवागमन में किसी तरह की कोई अड़चन न हो। उन्होंने कहा की भविष्य में जब भी पाइप पेयजल योजना अंतर्गत पाइप लाइन डाली जाए उसकी जानकारी संबंधित अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त जब भी सड़क को पुनर्स्थापित किया जाए तो इस दौरान भी लोक निर्माण विभाग को अवगत कराना सुनिश्चित करें ताकि गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे श्री योगेन्द्र कुमार, कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम श्री मुकेश कुमार सिंह, सहित सभी कार्यदाई संस्थाएं व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने की बूथों पर बैठक, टटोली नब्ज



( यंग भारत न्यूज )

**रानीपुर।** कस्बा में भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक की तथा बूथ अध्यक्षों को सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप पटेल के मुख्य आतिथ्य में बस स्टैंड के पास सिद्ध पीठ गायत्री माता मंदिर प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया,

जिसमें तमाम भाजपा के पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप पटेल ने बूथ अध्यक्षों को निर्देशित किया कि सभी बूथ अध्यक्ष पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सरकार के द्वारा कराए गए विकास कार्यों एवं संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने-अपने बूथ को मजबूत करें। जिला अध्यक्ष द्वारा सरकार द्वारा चलाए गए तमाम योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। भाजपा जिला अध्यक्ष तमाम कार्यकर्ताओं के साथ मुहल्ला देवरी में बूथ अध्यक्ष बलवंत सिंह तोमर के बूथ पर भी पहुंचे। इस मौके पर पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मंजूर अहमद मंसूरी, रंजीत भोजवाल सुधीर जैन बाजा, राजाराम कुशवाहा, मुकेश राय, अरुण कुमार चौधरी, चंद्रप्रकाश कुशवाहा, पूर्व पार्षद अनुराग गुप्ता, भाजपा नेता रामकिशोर आचार्य, बृजलाल वर्मा, बलवंत सिंह तोमर, पार्षद लाल बहादुर नकडा, सुरेंद्र सिंह परिहार, रविकांत गुप्ता, मनोज कुशवाहा, कपिल तिवारी, आदि उपस्थित रहे।

# यूपी पुलिस में एस आई पद पर चयनित होने पर किया सम्मान

( यंग भारत न्यूज )



**टहरौली।** कस्बा स्थित आदर्श जनप्रिय इंटर कालेज में पूर्व छात्र सत्यम राय निवासी ग्राम ताई जागीर का उत्तर प्रदेश सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन होने पर सम्मानित किया गया प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा द्वारा सत्यम राय को इस उपलब्धि पर पुष्प गुच्छ भेंट कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी गई गौरतलव है सत्यम ने हाइस्कूल की परीक्षा आदर्श जनप्रिय इंटर कालेज से उत्तीर्ण कर की तथा बीए की परीक्षा राजा भईया वर्मा महाविद्यालय से उत्तीर्ण कर बिना किसी कोचिंग संस्थान में प्रवेश लिए घर पर ही सेल्फ स्टडी कर यूपी एस आई की परीक्षा उत्तीर्ण की है सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन होने से गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है सम्मानित करने बालों में योगेश सेन, महेश चौरसिया , डॉ प्रियंका खरे , पूनम यादव , रोहित पटेल पिपरा, पुष्पेंद्र रिछरिया, रविंद्र दीक्षित, पवन शर्मा , सत्येंद्र प्रताप सिंह,रोहित पटेल ताई आदि शामिल रहे।

# संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक संपर्क - मंडल प्रवास

## जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह का सिविल लाइन मंडल प्रवास सफलतापूर्वक संपन्न



**झांसी ।** भारतीय जनता पार्टी झांसी महानगर के जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने संगठनात्मक प्रवास अभियान के अंतर्गत आज सिविल लाइन मंडल का पूर्णदिवसीय प्रवास किया। इस प्रवास में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, मंडल पदाधिकारियों, बूथ समितियों, पार्षदों, शक्ति केंद्र संयोजकों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों के साथ बैठकें कर संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम मै मंडल अध्यक्ष अनुज निखरा ,मंडल प्रभारी अभिषेक जैन प्रात: 6:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक का प्रवास इस प्रकार रहा।6:00 बजे पार्क भ्रमण एवं योग एवं सिविल लाइन मंडल उपाध्यक्ष शिवा यादव की निवास पर बैठक की तदुपरांत यात्री प्रतीक्षालय का उद्घाटन एसएसपी ऑफिस के पास हुआ वार्ड नंबर 55 के पार्षद श्री सुनील नैनवानी के यहां मंडल के सभी पार्षद गण पार्षद प्रत्याशी एवं पूर्व पार्षद के साथ बैठक हुई 12:00 बजे दोपहर वार्ड नंबर 53 श्री मोहित पोरवाल सह मीडिया प्रभारी भाजपा के निवास बूथ क्रमांक 291 पर संगठन के विषय पर चर्चा की एवं वार्ड नंबर 49के बूथ अध्यक्ष श्री राजेंद्र अगरिया के निवास पर बैठक की उसके पश्चात 2:00 बजे दोपहर का भोजन श्री मोहित पचौरी के निवास पर किया एवं 3:00 बजे मंडल के निवासरत पूर्व जिला पदाधिकारी पूर्व मंडल पदाधिकारी पुरातन एवं वरिष्ठ जनों एवं विचार परिवार के लोगों के साथ बैठक की उसके पश्चात वार्ड नंबर 57 की बूथ अध्यक्ष श्री शिवांशु श्रीवास्तव के निवास पर चाय पर चर्चा हुई शक्ति केंद्र प्रवासी एवं संयोजक की बैठक वार्ड नंबर 37 के श्रीमती भगवती कुशवाहा के यहां संपन्न हुई उसके पश्चात मंडल पदाधिकारी मोर्चा अध्यक्ष मंडल महामंत्री मंडल संयोजक व प्रकोष्ठ विभाग के संयोजक एवं महिला पदाधिकारी की बैठक वार्ड नंबर 39 में रितेश साहू जी के प्रतिष्ठान आरंभ वेंकट हॉल पर संपन्न हुए,वार्ड नंबर 21 के श्री राधा कृष्ण जी के मंदिर पर दर्शन एवं गुरुजनों से भेंट की शाम 7:00 बजे मंडल प्रभारी सह प्रभारी मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री की बैठक वार्ड नंबर 34 के श्री आदर्श राय सिविल लाइंस मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा की निवास पर संपन्न हुई मठ-मंदिरों में दर्शन कर गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा कार्यकर्ताओं से सतत् जनसंपर्क, बूथ सशक्तिकरण और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर संवाद स्थापित किया। यह प्रवास झांसी एवं बबीना विधानसभा के सभी 12 मंडलों के क्रमिक प्रवास अभियान का हिस्सा है। कार्यक्रम मै प्रमुख रूप से मौजूद रहे रामतीर्थ सिंघल ,एम एल सी रमा निरंजन एम एल सी , मंडल प्रभारी / जिला उपाध्यक्ष अभिषेक जैन , मंडल अध्यक्ष अनुज निखरा ,जगदीश साहू , मृदुल श्रीवास्तव डीजीसी,मनमोहन गैंडा ,सुशीला दुबे,नीता यादव ,गोकुल दुबे ,विकास यादव , सुनील नैनवानी,प्रवीण लखेरा ,लखन कुशवाहा,सुनील विश्वकर्मा,प्रदीप खटीक,राहुल तिवारी ,आशीष गुप्ता ,अमन मिश्रा ,विशाल ठाकुर ,मंगल श्रीवास्तव , मोनू पचौरी, दिगंत चतुर्वेदी , जीतू शिवहरे, मोहित पोरवाल,विशाल दीक्षित ,मनीष भंडारिया, सुजीत तिवारी ,सुनील भदौरिया , शिवा यादव,ऊषा सेन, श्याम बुधौलिया ,धीरज गोस्वामी,शुभम बनर्जी ,राहुल कुशवाह ,छोटू मौर्य ,भूपेंद्र एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# राष्ट्रवीर दुर्गादास की जयंती की तैयारियो को लेकर बैठक संपन्न

## 13 अगस्त को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** 13 अगस्त को निकलने बाली राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसकी तैयारियों को लेकर राठौर समाज सेवा समिति की बैठक राठौर समाज द्वारा संचालित अवध बिहारी लाल महाराज मंदिर में संपन्न हुई जिसमें कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां बांटी गई।

बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष राजेश राठौर ने की। समाज के युवाओं ने जयंती पर शोभायात्रा को ऐतिहासिक और भव्य बनाने का संकल्प लेते हुए सौपी गयी जिम्मेवारियो को पूरी निष्ठा से निर्वहन करने की बात कही। विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां तय की गईं। आयोजन समिति में अनूप राठौर को कार्यक्रम अध्यक्ष, संजीव राठौर को महामंत्री, सेठ अंकुर राठौर को उपाध्यक्ष, दिलीप राठौर को कोषाध्यक्ष, पंकज राठौर को मंत्री तथा डॉ. विकास राठौर को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अतिथि स्वागत, शोभायात्रा संचालन, प्रसाद वितरण, झांकियों, मीडिया समन्वय, चंदा सहयोग एवं अवध बिहारी लाल महाराज के विमान की व्यवस्था के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गईं। अतिथि व्यवस्था की जिम्मेदारी राजेश राठौर, सौरभ राठौर, छोटू राठौर, अखिलेश राठौर एवं पवन राठौर को दी गई। विमान व्यवस्था के लिए धर्मादा समिति के अध्यक्ष रोहित राठौर, मंत्री धर्मेंद्र राठौर, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत राठौर, डॉ. वीरेंद्र राठौर, जयपाल राठौर, राजू राठौर, देवेंद्र राठौर एवं मुकेश राठौर को जिम्मेदारी दी गई। पत्रकार राहुल राठौर को मीडिया प्रभारी तथा युवा नेता आकाश राठौर को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। झांकियों में राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की भूमिका अंकुर राठौर तथा रानी लक्ष्मीबाई की भूमिका कु. आयुषी राठौर निभाएंगी।

# अचानक कुत्ता आ जाने से अनियंत्रित होकर खंदक में गिरी कार, मां बेटे घायल

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोंच-उरई रोड पर उस समय एक हादसा हो गया जब अचानक सड़क पर कुत्ता आ जाने से कार चालक अपना संतुलन खो बैठा जिसके चलते कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में चली गई। हादसे में कार सवार मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने कार के अंदर फंसे दोनों को बाहर निकलवाया और बाइक की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया। हादसे में मां को तो मामूली चोट आई है पर बेटा बुरी तरह घायल हो गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडीकल कालेज रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार

उरई निवासी मनमीत सिंह उम्र 34 वर्ष कार से अपनी मां के साथ नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हरी जा रहा था तभी कोंच-उरई मार्ग पर ग्राम पड़री के पास अचानक से सड़क पर एक कुत्ता आ गया जिसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर खंदक में चली गई। हादसे में मनमीत सिंह के सिर में गहरी चोट आई है।

# कोतवाली पुलिस ने वारंटियो को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम बसोब स्थित एक घर पर दबिश देकर वारंटी राजेश कुमार पुत्र जानकी प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। राजेश के विरुद्ध गत समय पूर्व आबकारी एक्ट के तहत कोतवाली में मामला दर्ज कराया गया था। मामले में न्यायालय में होने वाली तारीखों से लगातार गैरहाजिर रहने पर न्यायालय ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। दूसरे वारंटी सागर निवासी कोंच को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सागर पर गाली गलौच कर मारपीट करने का मामला दर्ज था और न्यायालय से वारंटी घोषित था। वहीं धारा 135 के तहत कोतवाली में दर्ज एक मामले के अभियुक्त मुबीनउद्दीन पुत्र मुईन अहमद निवासी आजादनगर कोंच को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया

# द ऑल न्यू फोर्स ट्रैक्स गामा ' का भव्य शुभारंभ



**झांसी।** फोर्स मोटर्स एवं गजानन मोटर्स ने स्थानीय होटल में 'द ऑल न्यू फोर्स ट्रैक्स गामा ' का भव्य शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनमोहन गेड़ा जी, क्षेत्रीय सहसंयोजक व्यापार प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया गया। नई सोच ज़्नई उड़ान' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में टूर एवं ट्रैवल व्यवसायियों, फ्लीट मालिकों एवं गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर फोर्स मोटर्स के बिजनेस मैनेजर श्री दिलीप दमेले, टेरिटरी सेल्स मैनेजर श्री कपिल सिंह पटेल तथा एरिया सेल्स मैनेजर श्री सतेंद्र सिंह बिष्ट सहित गजानन मोटर्स के डीलर प्रिंसिपल श्री शरद गुप्ता , श्री संजय गुप्ता, श्री रामकुमार गुप्ता उपस्थित रहे। फोर्स मोटर्स के अधिकारियों ने बताया कि 'द ऑल न्यू फोर्स ट्रैक्स गामा ' को आधुनिक तकनीक, बेहतर सुरक्षा, आकर्षक डिजाइन और कम परिचालन लागत के साथ तैयार किया गया है, जो टूर एवं ट्रैवल तथा यात्री परिवहन क्षेत्र के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों को सम्मानित किया गया तथा नए ग्राहकों को वाहन की चाबियां सौंपी गईं। उपस्थित अतिथियों ने ट्रेक्स गामा के प्रीमियम फीचर्स और आधुनिक तकनीक की सराहना की। गजानन मोटर्स के महाप्रबंधक श्री पीयूष सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स के सेवानिवृत्त प्रबंधक केडी गुप्ता श्री अशोक अग्रवाल PNB श्री विक्रांत सेठ भी उपस्थित रहे. विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से आए हुए प्रतिनिधियों ने वाहन की खूबियां जानकर प्रशंसा की. पत्रकार बंधुओ ने भी वाहन के बारे में विभिन्न जानकारियां ली. अंत में शरद गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया और स्मृति चिन्ह भेंट किये.

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718